## 53 किलोग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त कार सहित जब्त

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं परिवहन के विरुद्ध चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नरसिंहपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए 53 किलोग्राम अवैध गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त फ्रॉन्क्स कार सहित कुल लगभग 18 लाख का मशरूका जब्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मिली सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन, एसडीओपी तेंदूखेड़ा अभिनव मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में 5 विशेष टीमों का गठन किया गया। गांजा तस्करों की धरपकड़ हेतु विशेष टीमों द्वारा जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 एवं 45 सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर सघन नाकेबंदी एवं चेकिंग की गई। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गांजा तस्कर कार के माध्यम से भोपाल की ओर से तेंदूखेड़ा की ओर गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों को सक्रिय कर नरसिंहपुर जिले की सीमा पर प्रभावी घेराबंदी एवं सघन चेकिंग प्रारंभ की गई।



गांजा एवं वाहन सहित जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख, 5 आरोपी गिरफ्तार, आरोपी ओडिशा एवं रायसेन क्षेत्र से संबंधित

भोपाल की ओर से एक काले रंग की कार आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही कार चालक ने वाहन को तेजी से तेंदूखेड़ा की ओर भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा करते हुए हिकमत अमली एवं प्रभावी घेराबंदी की गई। पुलिस की तत्परता एवं रणनीतिक घेराबंदी के परिणामस्वरूप ग्राम ढिलवार के पास स्थित एक ढाबे के सामने उक्त वाहन को रोकने में सफलता प्राप्त हुई। वाहन को रोककर विधिवत तलाशी लेने पर उसमें 5 व्यक्ति सवार पाए गए। वाहन की तलाशी के दौरान पिछली सीट के नीचे बनी डिक्की में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा हुआ मिला। पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 53 किलोग्राम अवैध गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त काले रंग की फ्रॉन्क्स कार जप्त की गई।

गिरफ्तार आरोपी में कमलेश ठाकुर पिता भूरा उर्फ भूरे ठाकुर, उम्र 48 वर्ष, निवासी लक्ष्मी चौक, उदयपुरा, जिला रायसेन (म.प्र.), प्रेमचंद नायक पिता बाजीराउत नायक, उम्र 38 वर्ष, निवासी उस्तपदा, थाना मोहना, ओडिशा, बबुला पिता सनातन नायक, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम राजपुर, थाना पदमपुर, ओडिशा, हेमंता पिता कलापानी लीमा, उम्र 25 वर्ष, निवासी सुंदरपुर, थाना पदमपुर, ओडिशा, दुर्गेश रघुवंशी पिता विष्णुप्रसाद रघुवंशी, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम रहमा, थाना उदयपुरा, जिला रायसेन (म) हैं एवं 53 किलोग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त काले रंग की फ्रॉन्क्स कार, गांजा एवं वाहन सहित जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपए जप्त किए गए।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक चौहान, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा निरीक्षक किशोर वामनकर, थाना प्रभारी मुगवानी उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक आशीष बोपचे, उपनिरीक्षक गौरव नेमा, सउनि शशांक दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश बागरी, आशीष मिश्रा, कुलदीप सोमकुंवर, जितेंद्र सिंह, नारायण, लालू भाई, पप्पू सिंह, संजय पांडे, आरक्षक रूपेंद्र, दिनेश, यश, विश्वजीत, सौरभ, पवन रजक, महिला आरक्षक कुमुद पाठक, आरक्षक नीरज, हेमंत, भूपेंद्र, पवन, बहादुर, हेमंत लोधी, अवधेश एवं लखन की सराहनीय भूमिका रही।

## चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में संकल्प सेवा अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज तथा मुख्य अतिथि समाजसेवी सुनील कोठारी रहे विशिष्ट अतिथियों के रूप में पार्षद रोशनसिंह राजपूत, जितेंद्र दुबे, सुश्री काजल मैडम, पूर्व पार्षद गण दीपक सोनी व अंकित त्रिवेदी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव रहे।

अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं सुश्री लक्ष्मी उपाध्याय द्वारा सरस्वती वंदना के बाद विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती मालती कोष्ठा, सुश्री प्रीति नेमा, सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती नीता डेहरिया के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी जाट ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में बच्चों की भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता 'मेरे सपनों का भारत, विकसित भारत 2047' की थीम पर आयोजित की गई है, जिसमें लगभग 31 छात्रों ने चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। आमंत्रित अतिथियों के समक्ष बच्चों ने विकसित भारत की परिकल्पना पर युवा सोच को साझा किया। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने यूनिटी ऑफ स्टेचू, चंद्रयान, मेरे सपनों का भारत, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना आदि विषयों पर अपनी कल्पनाओं को आकार दिया।

इस अवसर पर सुनील कोठारी तथा नीरज महाराज ने विकसित भारत के लिए युवा पीढ़ी को अनुशासित एवं संस्कारवान बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता की निर्णायक अंजुमजहां कुरैशी एवं लक्ष्मी उपाध्याय रहीं। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन शिराली श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी शालिनी जाट द्वारा एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा अधिकारी विक्रम शर्मा के नेतृत्व में विकासखंड की टीम ने भी अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सीताराम मुड़िया, रामकुमार पालीवाल, बुधराज अहिरवार, राजेश पटेल, संजय साहू, राकेश दुबे, मुकेश विश्वकर्मा, राहुल दुबे, नमिता शुक्ला, मंजू पटेल, कुंती कतिया, निकिता राय, माधुरी गुप्ता, श्रीमती मंजरी शर्मा, श्रीमती दीपा शर्मा, रमेश प्रजापति आदि का योगदान रहा।

### सार-समाचार

## युवा संगम कार्यक्रम आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शासकीय महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, गाडरवारा में किया जाएगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत ऋण वितरण पत्र भी जारी किए जाएंगे। रोजगार मेले में 10 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 5वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक युवक-युवतियों से अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। जिले के निजी क्षेत्र के नियोक्ता, जिन्हें अपनी कंपनियों, शोरूम, होटल एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, वे भी रोजगार मेले में स्टॉल लगाकर आवश्यकतानुसार अभ्यर्थियों का चयन कर सकते हैं।

## हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा 22 सितंबर को निकलेगी पैदल निशान यात्रा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** धार्मिक आस्था एवं बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा से ओतप्रोत भव्य पैदल निशान यात्रा का आयोजन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ दोपहर 2 बजे डमरू घाटी से होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डमरू घाटी में विधि-विधान एवं पूजन-अर्चना के पश्चात निशान यात्रा दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। श्रद्धालु बाबा श्याम के निशान लेकर भक्ति भाव के साथ पैदल यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा डमरू घाटी से प्रारंभ होकर गाडरवारा नगर की मुख्य सड़कों से होते हुए बस स्टैंड, गंज, सराफा, चुंगी नाका, पानी टंकी, पलोटन गंज, छीपा तिराहा, बीकानेर तिराहा से आगे कामती एवं आमगांव होते हुए ग्राम झांझनखेड़ा पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के जयकारों के साथ निशान लेकर पैदल प्रस्थान किया जाएगा। धार्मिक वातावरण के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। आयोजन से जुड़े लोगों द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा श्याम की भक्ति एवं निशान यात्रा में सहभागी बनने की अपील की गई है।

## वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविर आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नरसिंहपुर द्वारा सोमवार, 21 सितंबर 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला चिकित्सालय के समीप स्थित रेडक्रॉस भवन में निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रक्तचाप, मधुमेह, हृदय, नेत्र, दंत तथा हड्डी एवं जोड़ संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण एवं पंजीयन के लिए आने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर अपना आधार कार्ड साथ अवश्य लाएं। वरिष्ठ जन परिषद, नरसिंहपुर के जी.के. चतुर्वेदी, एस.के. चतुर्वेदी, एम.जी. शर्मा, अशोक त्रिपाठी, अनिल राय, ऋषि कुमार महोबिया, अशोक गुप्ता, अरुण खरे, विनोद तिवारी, दिनेश श्रीवास्तव, ए.के. वर्मा एवं डी.डी. गोस्वामी ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

## सेवा अभियान के तहत आदिवासी छात्रावास में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण अभियान के तहत शनिवार को सीनियर आदिवासी छात्रावास में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह शिविर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पारंजपे के आह्वान पर महावीर मेडिकल (स्मृति देवेश जैन) के सौजन्य से संपन्न हुआ।



शिविर में डॉ. स्वाति कुर्चानिया ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक रक्त जांच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अनुसार परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन जैसे विषयों पर जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका लेखा राय कौरव एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था।

## सोयाबीन फसल में रोग एवं कीटों की नियमित निगरानी करें किसान

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** वर्तमान मौसम को देखते हुए सोयाबीन फसल में विभिन्न रोग एवं कीटों के प्रकोप की संभावना बनी हुई है। कृषि विज्ञान केंद्र, नरसिंहपुर ने किसानों को खेतों का नियमित निरीक्षण करने तथा पीला मोजेक रोग, सफेद मक्खी, गर्डल बीटल, तना मक्खी, सेमीलूपर, तंबाकू की इल्ली एवं फली छेदक की विशेष निगरानी करने की सलाह दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विशाल मेश्राम ने बताया कि सोयाबीन में पीला मोजेक विषाणुजनित रोग है। इसकी पहचान पत्तियों पर पीले एवं हरे रंग के चितकबरे धब्बों से की जा सकती है। रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर संक्रमित पौधों को जड़ सहित उखाड़कर खेत से बाहर निकालकर उचित तरीके से नष्ट करने की सलाह दी गई है। साथ ही रोग के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सफेद मक्खी की भी नियमित निगरानी करने को कहा गया है। सफेद मक्खी की निगरानी के लिए प्रति एकड़ लगभग 20 पीले चिपचिपे ट्रैप खेत में उचित ऊंचाई पर लगाए जा सकते हैं। ट्रैप पर सफेद मक्खियों की संख्या बढ़ने अथवा कीटों का अधिक प्रकोप दिखाई देने पर कृषि विशेषज्ञों से सलाह लेकर अनुशंसित नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। किसानों को गर्डल बीटल एवं तना मक्खी के लिए पौधों और तनों का नियमित निरीक्षण करने तथा पत्ती खाने वाली इल्लियों के लिए पत्तियों की ऊपरी एवं निचली सतह की जांच करने को कहा गया है। फूल एवं फली बनने की अवस्था में फली छेदक इल्लियों पर विशेष निगरानी रखने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से सप्ताह में कम से कम 2-3 बार खेत का निरीक्षण करने तथा रोग एवं कीटों की समस्या को प्रारंभिक अवस्था में पहचानने का आग्रह किया है। केवल रासायनिक नियंत्रण पर निर्भर रहने के बजाय समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने की सलाह दी गई है, जिसमें नियमित निगरानी, पीले चिपचिपे ट्रैप, संक्रमित पौधों को हटाना, यांत्रिक एवं जैविक उपाय तथा आवश्यकता होने पर अनुशंसित कीटनाशकों का संतुलित उपयोग शामिल है।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने बरमान सब स्टेशन का किया निरीक्षण

### रबी सीजन में किसानों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने जिले के 132/33 केवी एमपी ट्रांसको सब स्टेशन बरमान का निरीक्षण किया। उन्होंने सब स्टेशन की विद्युत व्यवस्था, उपलब्ध क्षमता, उपकरणों के रखरखाव तथा आगामी रबी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए लोड प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान श्री गढ़पाले ने सब स्टेशन में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों सहित विभिन्न विद्युत उपकरणों का अवलोकन किया तथा उनके रखरखाव और मेंटेनेंस की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य अभियंता परीक्षण श्री एमवाई मंसूरी से सब स्टेशन के वर्तमान वोल्टेज प्रोफाइल, विद्युत लोड तथा आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

रबी सीजन में पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

ऊर्जा सचिव श्री गढ़पाले ने निर्देश दिए कि आगामी रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रबी



सीजन में सिंचाई भार बढ़ने से विद्युत मांग में वृद्धि होती है। इसे ध्यान में रखते हुए सब स्टेशन एवं उससे जुड़े फीडरों की क्षमता और उपलब्धता की पूर्व समीक्षा कर सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं।

उन्होंने सब स्टेशन में स्थापित कैपेसिटर बैंक को पूरी क्षमता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत प्रणाली का वोल्टेज प्रोफाइल बेहतर बना रहे और किसानों को सिंचाई के दौरान वोल्टेज संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। श्री गढ़पाले ने 132 केवी बरमान सब स्टेशन से निकलने वाले विभिन्न 132 केवी एवं 33 केवी फीडरों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने सब स्टेशन में स्थापित स्काडा प्रणाली तथा ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर के माध्यम से डेटा ट्रांसमिशन एवं संचार व्यवस्था की भी जानकारी ली। मुख्य अभियंता श्री मंसूरी ने इन तकनीकों के माध्यम से विद्युत प्रणाली की निगरानी, डेटा संचार एवं परिचालन व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया।

ऊर्जा सचिव ने अभियंताओं को रबी सीजन प्रारंभ होने से पहले सभी महत्वपूर्ण विद्युत उपकरणों, ट्रांसफार्मरों, फीडरों एवं सुरक्षा प्रणालियों का आवश्यक परीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत भार बढ़ने की स्थिति में संभावित व्यवधान को रोकने के लिए अग्रिम तैयारी और सतत निगरानी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता टेस्टिंग नरसिंहपुर रमेश सिंह, राजेश कुमार चतुर्वेदी, सहायक अभियंता अनीश अहमद कुरैशी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नरसिंहपुर के अधीक्षण अभियंता विवेक जसेले सहित अन्य अभियंता उपस्थित रहे।

## छह महीने में उखड़ी 18 करोड़ के रेलवे ओवरब्रिज की परतें, भोपाल से पहुंची जांच टीम

**गाडरवारा देशबन्धु।** 18 करोड़ रुपये की लागत से बने रेलवे ओवरब्रिज में निर्माण संबंधी खामियों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले के सामने आने के बाद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता भोपाल से विशेष टीम के साथ गाडरवारा पहुंचे और पुल का विस्तृत तकनीकी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ओवरब्रिज में कई निर्माण संबंधी कमियां और अनियमितताएं चिन्हित कीं। इसके बाद विभाग ने निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए 15 दिनों के भीतर सभी खामियों को दूर करने का अल्टीमेटम दिया है। सेतु विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पुल की गुणवत्ता और सुरक्षा का आकलन करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों से भी अलग से जांच कराई जाएगी। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधार प्राथमिकता से कराए जाएंगे। वहीं निर्माण कंपनी के इंजीनियर ने दावा किया है कि विभाग द्वारा निर्धारित 15 दिनों की समय-सीमा के भीतर सभी सुधारात्मक कार्य पूरे कर दिए जाएंगे। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि तय अवधि में पुल की खामियां पूरी तरह दूर होती हैं या नहीं।

## मन की शुद्धि और लोभ का त्याग ही उत्तम शौच धर्म : पंडित ओमप्रकाश

**गाडरवारा देशबन्धु।** जैन समाज के पर्वराज पर्युषण के पांचवें दिन श्री तारण तरण चैत्यालय में उत्तम शौच धर्म की श्रद्धापूर्वक आराधना की गई। इस अवसर पर भक्तिभाव के साथ मंदिर विधि संपन्न हुई तथा धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रवचन देते हुए पंडित ओमप्रकाश ने कहा कि शौच धर्म का अर्थ केवल बाहरी शारीरिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मन की शुद्धि और लोभ का त्याग है। उन्होंने कहा कि लोभ सभी पापों की जड़ है, इसलिए इसे पाप का बाप कहा गया है। तृष्णा, परिग्रह और लालच छोड़कर संतोष का भाव अपनाने से मन में सच्ची पवित्रता और मानसिक शांति का संचार होता है।

## जनशिक्षा एवं शाला स्तर पर मोगली बाल उत्सव की निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**गाडरवारा, देशबंधु।** गत दिवस मोगली बाल उत्सव के अंतर्गत क्षेत्रीय शासकीय स्कूलों मे शाला स्तर पर मोगली बाल उत्सव के तहत निबंध प्रतियोगिताये आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं मे कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5 से 8 ) एवं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) के छात्र छात्राओं ने मोगली के परिवार, प्रकृति संरक्षण, वन व वन्य जीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण, नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा, ओजोन परत का क्षरण, पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्य सहित आदि अन्य विषयों पर निबंध लिखे। शनिवार को शाला स्तर पर चयनित प्रत्येक स्कूल से 2 विद्यार्थियों को जनशिक्षा केंद्र पर बुलाया गया जहाँ उनके लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। अब 22 सितंबर को विकासखंड स्तर पर मोगली बाल उत्सव की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि शाला व जनशिक्षा केंद्र स्तरों पर विद्यार्थियों ने बढ़े ही उत्साह से निबंध लिखे।

## उमरा यात्रियों का भव्य स्वागत, दुआओं के साथ हुए रवाना

**गाडरवारा, देशबंधु।** मक्का-मदीना की जियारत और उमरा के लिए रवाना हुए जायरीनों का गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। गरीब रथ एक्सप्रेस से मुंबई के लिए रवाना होने से पहले जामा मस्जिद से शक्ति चौक होते हुए जुलूस के साथ उन्हें स्टेशन लाया गया, जहां पुष्पवर्षा और नात-ए-पाक के बीच दुआओं के साथ रुखसत किया गया। हाफिज जुबेर आलम ने कहा कि सभी जायरीन मक्का में उमरा अदा करेंगे और मदीना मुनव्वरा में हाजिरी देंगे। उन्होंने शहर में अमन-चैन की दुआ की अपील भी की। इस अवसर पर जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, महमूद पहलवान, भाजपा नेता सत्तार खान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। उमरा यात्रियों में आशिक हुसैन, सादिक हुसैन के परिवार के सदस्य तथा सेवानिवृत्त शिक्षिका मुमताज खान व उनकी पुत्री प्रमुख रूप से शामिल हैं।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

